# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियां तेज

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 2024 की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। आयोजक टीम ने इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में सेटअप लगाना शुरू कर दिया है। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हो सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने उनसे समय मांगा है। 20 से 28 फरवरी के बीच होगा।

## 81 प्रोजेक्ट में 18 हजार करोड़ निवेश की तैयारी

एलडीए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लखनऊ में लगभग 25 हजार करोड़ रूपये के निवेश की आधारशिला रखेगा। इसमें से 18 हजार करोड़ की 81 परियोजनाओं का रास्ता साफ हो गया है। इसके तहत बड़े पैमाने पर टाउनशिप व ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स बनेंगे। अस्पताल, कामर्शियल काम्पलेक्स, होटल, स्कूल, इंस्टीट्यूट भी बनेंगे। एलडीए ने विकासकर्ताओं, निवेशकों संग बैठक में अंतिम रूप दिया है।

इस संबंध में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने एलडीए उपाध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होंने इसी महीने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने की बात कही है। उन्होंने लिखा है कि तीन दिवसीय आयोजन होगा। जल्दी तिथि निर्धारित कर दी जाएगी। अभिषेक प्रकाश ने लिखा है कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में ही होनी है। इसके लिए आईजीपी में तमाम सेटअप लगना है, इसलिए उन्होंने आईजीपी को विभाग को सौंपने को कहा था। पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सात फरवरी से आईजीपी को उनके विभाग को हैण्डओवर करने को कहा था। ऐसे में एलडीए ने सात से 28 फरवरी तक की सभी 33 शादियों की बुकिंग भी निरस्त कर दी है। प्रधानमंत्री 20 से 28 फरवरी के बीच में जिस दिन का समय देंगे उसी दिन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम तीन दिन का होगा।